## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 29.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में बजट पूर्व गोष्ठी को किया संबोधित, अबुआ बजट को जनभावनाओं के अनुरूप बनाने की जतायी प्रतिबद्धता।
2. राज्यपाल ने रांची में तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग एंड कंस्ट्रक्शन शो का किया उद्घाटन, खनन क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों की सुरक्षा और विकास पर दिया जोर
3. चाईबासा में विकसित भारत–जी राम जी पर भाजपा ने आयोजित की कार्यशाला, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने इसे रोजगार गारंटी वाला सशक्त कानून बताया।
4. गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में अगले 24 घंटे में बारिश के आसार, अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट संभव।

और

5. सैफ अंडर– 19 महिला फुटबॉल चौंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में झारखंड की छह खिलाड़ियों का चयन, 31 जनवरी को नेपाल से होगा भारत का पहला मैच।

***************

राज्य का बजट पेश होने से पहले रांची में बजट पूर्व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के आर्थिक विशेषज्ञों समेत विभिन्न विभागों के सचिवों ने राज्य के विकास की रूपरेखा बताई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अबुआ सरकार का बजट जनभावनाओं के अनुरूप होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड का देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने सभी विभागों से जनआकांक्षाओं के अनुरूप बजट बनाने का भी निर्देश दिया।

***************

झारखंड के खनन, निर्माण और औद्योगिक विकास को नयी गति देने के उद्देश्य से रांची के धुर्वा में तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग एंड कंस्ट्रक्शन शो का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों की सुरक्षा और विकास की सामूहिक जवाबदेही तय होनी चाहिए।

***************

नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्यवासियों के नाम संदेश जारी कर हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने विधि व्यवस्था, व्यवसायियों को सुरक्षा, किसानों को समर्थन मूल्य, स्वास्थ्य सेवाएं, आदिवासी शिक्षा और युवाओं की भर्तियों को लेकर सवाल खड़े किए हैं। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में नागरिक असुरक्षित हैं और सरकार शॉपिंग टूर में व्यस्त है।

***************

विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर आज चाईबासा में भाजपा की ओर से एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। उन्होंने इस योजना को रोजगार गारंटी वाला सशक्त कानून बताया।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जी राम जी योजना पर आयोजित कार्यशाला में पूर्व सांसद गीता कोड़ा और प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद समेत कई भाजपा नेताओं ने भी अपनी बातें रखीं।

***************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में झारखंड के एनसीसी कैडेट्स से मुलाकात की। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करते हुए सप्ताह में एक घंटा स्वच्छता और मतदाता जागरूकता अभियान को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कैडेट्स ने इस मुहिम का नेतृत्व करने की प्रतिबद्धता जताई।

***************

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग सोसाइटी इंडिया द्वारा तीन दिवसीय 30वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी नई दिल्ली में शुरु हो गया है। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने किया। इस सम्मेलन का लक्ष्य वैश्विक मीडिया परिदृश्य में भारत की तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करना और उद्योग के पेशेवरों को नेटवर्किंग का मंच प्रदान करना है।

***************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्व्पूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड में राज्य प्रायोजित परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

***************

जमशेदपुर में रेडिएंट झारखंड 2.0 प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। विजुअल मिथ्स और लेडीज़ सर्कल इंडिया द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य और विज्ञान के 59 स्टॉल लगाए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को सरकारी योजनाओं और करियर की संभावनाओं के प्रति जागरूक करना है। छात्र–छात्राओं व शिक्षकों ने प्रदर्शनी को बेहद उपयोगी बताया।

***************

रांची के संत जेवियर स्कूल के डॉ. संतोष कुमार द्वारा लिखित पुस्तक एआई अनलॉकड का विमोचन झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डी.के. सिंह ने किया। इस दौरान एआई को सशक्तीकरण का जरिया बताया गया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सरल उपयोग और स्मार्ट वर्किंग के गुर सिखाती है।

***************

77वें गणतंत्र दिवस का औपचारिक समापन समारोह बीटिंग द रिट्रीट आज नई दिल्ली के विजय चौक पर आयोजित हुआ। इस मौके पर भारत की समृद्धशाली सैन्य विरासत की शक्ति का प्रदर्शन हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री इस समारोह के साक्षी बने।

***************

दिल्ली में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड के मौसम पर भी दिखने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली और उत्तर भारत में हो रही बारिश के कारण झारखंड के उत्तर–पश्चिमी जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में अगले 24 घंटों में गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। इस दौरान सर्द हवाएं चलने से कनकनी और ठंड एक बार फिर बढ़ सकती है।

***************

काठमांडू में 31 जनवरी से शुरू होने वाली सैफ अंडर– 19 महिला फुटबॉल चौंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में झारखंड की 6 बेटियों का चयन हुआ है। इनमें गुमला की 4 खिलाड़ी एलिजाबेथ लकड़ा, अनीता डुंगडुंग, सूरज मुनि कुमारी और विनीता होरो शामिल हैं। इसके अलावा अनुष्का कुमारी और दिव्यानी लिंडा भी टीम में शामिल हैं। भारतीय टीम अपना पहला मैच 31 जनवरी को नेपाल के खिलाफ खेलेगी।

*******समाप्त********